साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**

वर्ष : 5 | अंक : 52 — गोंदिया : गुरुवार, दि. 7 अगस्त से 13 अगस्त 2025 — पृष्ठ : 4 — मूल्य : रु. 5



### अज्ञात का मिला शव

**गोंदिया**-शहर थाने के तहत गोंदिया रेलवे स्टेशन गेट के आगे अज्ञात व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला. उसे केटीएस जिला सामान्य अस्पताल में ले जाया गया. जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. फिर्यादी कुंभारेनगर निवासी कुणाल चंद्रशेखर नागदेवे (28) की शिकायत पर शहर पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया है.

## रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन के गोंदिया प्रथम आगमन पर सांसद पडोले, विधायक अग्रवाल ने स्वागत कर दिखाई हरी झंडी



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया-भंडारा लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों के लिए रेल सुविधाओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में गोंदिया रेलवे स्टेशन से दो नई रेल गाड़ियों रायपुर-जबलपुर और रीवा-पुणे साप्ताहिक ट्रैन की शुरुआत की गई। इस अवसर पर गोंदिया रेलवे स्टेशन पर क्षेत्र के सांसद डॉ.प्रशांत पडोले, गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल, रेल अधिकारियों ने रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के गोंदिया प्रथम आगमन पर स्वागत कर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन यात्री ट्रेनों के शुभारंभ होने पर रेल मंत्री अस्विनी वैष्णव का जनप्रतिनिधियों एवं यात्रियों ने हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रेलवे प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीयों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह, मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद्र आर्य सहित रेलवे के अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान गोंदिया स्टेशन परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला और जनसमूह ने सांसद का भव्य स्वागत किया। इस नई सेवा से गोंदिया जिले को बेहतर रेल कनेक्टिविटी, यात्रियों को समय की बचत, तथा क्षेत्रीय व्यापार, शिक्षा और पर्यटन को नया बल मिलेगा। यह ट्रेन सेवा विशेष रूप से गोंदिया वासियों के लिए सुविधा और गर्व का विषय है। सांसद डॉ. पडोळे ने कहा मेरे संसदीय क्षेत्र के नागरिकों को सुगम व सुविधाजनक रेल यात्रा उपलब्ध हो, यह मेरा निरंतर प्रयास है। आने वाले समय में और भी रेल सुविधाएं शुरू करने हेतु मैं प्रतिबद्ध हूँ। रेलवे प्रशासन ने भी सांसद महोदय के सक्रिय प्रयासों की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में गोंदिया को अन्य महत्वपूर्ण शहरों से भी जोड़ा जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित में कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बनसोड, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गट) जिलाप्रमुख पंकज यादव, शहर अध्यक्ष अशोक चौधरी, विशाल अग्रवाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जाहिर अहमद, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सौ.वंदनाताई काले, योगेश अग्रवाल (बापू), हस्द्ध गोंदिया जिलाध्यक्ष अमन तिगाला, सौ.आशाताई जैन, सौ.अनुपमाताई पटले, मंथन नंदेश्वर, मनीष चौहान, आशीष बनसोड, अनुराग पंधरे, प्रिंस ऊके, कशिश चंद्रिकपुरे, वीरू गौर, शुभम उंगेवार, जीत गौतम तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारी व नागरिकगण उपस्थित थे ।

## फूलचूर नाके से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्ग के किनारे के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शहर के फूलचूर नाके से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्ग के किनारे के अतिक्रमण पर 1 अगस्त शुक्रवार की दोपहर 12.00 से सार्वजनिक बांधकाम विभाग गोंदिया द्वाराकड़ी कार्रवाई कर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया इस दौरान घटनास्थल पर स्थिति तनावपूर्ण निर्माण हो गई थी। गौरतलब है कि फूलचुर नाके से जिलाधिकारी कार्यालय तक के मार्ग के निर्माण व चौड़ाइकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई 01 अगस्त को सार्वजनिक बांधकाम विभाग द्वारा की गई। जिसमें फूलचूर नाका परिसर में बड़े पैमाने पर बरसों से किए गए स्थाई वह स्थाई अतिक्रमण को सार्वजनिक बांधकाम विभाग के उप अभियंता लांजेवार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई इस अवसर पर ग्रामीण पुलिस थाने द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जनप्रतिनिधियों द्वारा बाधा निर्माण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान फूलचूर ग्राम पंचायत के पदाधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बड़े पैमाने पर कार्रवाई में बाधा निर्माण कर कार्रवाई रोकने का प्रयास किया गया लेकिन सार्वजनिक बांध का विभाग के अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य निरंतर चालू रखा तथा जनप्रतिनिधियों के दबाव में नहीं आए जिससे यह कार्रवाई सुचारू रूप से की गई। अतिक्रमण में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ होगा मामला दर्ज अतिक्रमण कारवाई के दौरान जिन लोगों ने कार्रवाई में बाधा पहुंचाने का प्रयास किया गया उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा ऐसा सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अभियंता लांजेवार द्वारा कार्रवाई के दौरान जानकारी दी गई।

### नियमानुसार कार्रवाई

अतिक्रमण को हटाने के पूर्व नियम अनुसार सभी अतिक्रमणकरियो को नोटिस जारी किया गया था तथा आज कार्रवाई नियमानुसार की गई तथा इसमें किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं किया गया।

**प्रकाश लांजेवार उप कार्यकारी अभियंता**
**सार्वजनिक बांधकाम विभाग गोंदिया।**

### गोंदिया शहर में कब होगी कड़ी कार्रवाई

गोंदिया शहर में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण चारों ओर दिखाई देता है अस्थाई अतिक्रमण तो कभी-कभी हटाया जाता है लेकिन जो पक्के अतिक्रमण हो चुके हैं उन पर कारवाई कब होगी क्या नगर परिषद प्रशासन इस और ध्यान देना या जिलाधिकारी महोदय शहर की इस गंभीर समस्या को स्वत संज्ञान लेंगे।

### शहर के जय स्तंभ चौक पर हुआ अतिक्रमण

गोंदिया शहर के जय स्तंभ चौक पर आबकारी विभाग की इमारत से लगकर 2 दिन पूर्व अतिक्रमण कर एक ठेला खड़ा किया गया जिससे शहर में अतिक्रमण कभी खत्म नहीं होगा ऐसा दिखाई दे रहा है तथा गोंदिया शहर की पहचान अतिक्रमण शहर के रूप में हो रही है जिससे लगता है भविष्य में गोंदिया का नाम बदलकर अतिक्रमण कारी शहर शासकीय रिकॉर्ड में दर्ज होगा।

## रक्त रंजित अवस्था में अज्ञात महिला का मिला शव



**बुलंद गोंदिया।** सड़क अर्जुनी तहसील के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम खजरी परिसर में 3 अगस्त रविवार की सुबह गले पर हथियार से वार कर रक्त रंजित अवस्था में अज्ञात महिला का मिला शव 25 से 26 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। 3 अगस्त की सुबह जब ग्राम खज री के नागरिक लोग निकले तो उन्हें ग्राम के समीप एक अज्ञात महिला का शव दिखाई दिया जिसके गले पर किसी धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई थी। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा डुग्गीपार पुलिस थाने को दी गई। समाचार लिखे जाने तक महिला की पहचान नहीं हो पाई थी तथा वह आसपास की न होकर कहीं और की होने की संभावना जताई जा रही है। इस मामले में डुग्गीपार पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की गई है।

## वाहन की टक्कर से 1 मौत

**गोंदिया**-तिरोड़ा थाने के तहत सुकड़ी फाटे के आगे अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, भंडारा जिले के मोहाड़ी निवासी ओमप्रकाश किशन पडोले (49) अपनी मोटरसाइकिल क्र. एमएच 36 - एम 1835 से केसलवाड़ा से बिरसी होते हुए तिरोड़ा की ओर जा रहा था. इसी दौरान सुकड़ी फाटे के पास अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. जिसमें उसकी मौत हो गई. फिर्यादी सहायक फौजदार विजय महादेव तिरपुडे की शिकायत पर तिरोड़ा पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच पुलिस उपनिरीक्षक नष्ट कर रहे हैं

## अनियंत्रित चेचिस वाहन दुकान में घुसा 1 की मौत 4 जख्मी अनेक वाहनों को भारी नुकसान देवरी महामार्ग क्रमांक 53 की घटना



**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता देवरी )** - गोंदिया जिले के देवरी शहर के राष्ट्रीय महामार्ग क्रमांक 53 में नगर पंचायत के समीप 1 अगस्त की सुबह 10ः00 बजे के दौरान मार्ग से जा रहा एक चेचिस वाहन अनियंत्रित होकर दुकान में घुस गया इस भीषण दुर्घटना में1 व्यक्ति की मौत हो गई 4 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए तथा अनेक वाहनों को भारी नुकसान हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर से रायपुर की ओर जा रहे अशोक लीलैंड कंपनी के ट्रक चेचिस वाहन के चालक का शुक्रवार 1 अगस्त की सुबह 10ः00 बजे के दौरान वाहन से नियंत्रण छूट गया वह देवरी नगर पंचायत के समीप मार्ग के किनारे बिजली खंबे से लगी हुई एक दुकान में चेचिस घुस गया। हादसा इतना भीषण था कि मार्ग के किनारे खड़े सुखदास गावडकर जरताळटोला निवासी को वाहन घसीटते हुए लेकर गया तथा उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। साथ ही इस हादसे में पिंडकेपार निवासी टिकेश राउत उम्र 38 वर्ष, देवरी निवासी नितेश वधारे उम्र 37 वर्ष, सुभाष बिंजलेकर 45 वर्ष तथा धोबीसराड निवासी सुरेंद्र बंसोड़ उम्र 52 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गए सभी ज़ख्मियों को उपचार के लिए देवरी के उप जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया।

अनेक वाहन क्षतिग्रस्त मार्ग के किनारे खड़े अनेक वाहन भी इस दुर्घटना की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गए उल्लेखनीय की महामार्ग से लगा होने तथा पास में ही एक होटल होने के कारण अनेक वाहन व नागरिक रोड के किनारे खड़े थे। इस भीषण दुर्घटना की जानकारी मिलते ही बड़े पैमाने पर नागरिक घटनास्थल पर जमा हो गए वह इस हादसे की जानकारी देवरी पुलिस को दी गई। उड़ान पुल की आवश्यकता महामार्ग 53 से बड़े पैमाने पर हजारों वाहन प्रतिदिन आवागमन करते हैं जिससे आये दिन गंभीर दुर्घटनाएं घटित होते रहती है जिसके चलते देवरी शहर में उपरोक्त मार्ग पर उड़ान पुल की आवश्यकता है ऐसी मांग देवरी के नागरिकों द्वारा की गई जिससे भविष्य में इस प्रकार के दुर्घटना घटित ना हो।

## प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल में डिजिटल डिटॉक्स पर मार्गदर्शन सेमिनार आयोजित



**बुलंद गोंदिया**-श्रीमती उमादेवी बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल (सी.बी.एस.ई. में छात्रों के लिए डिजिटल डिटॉक्स पर सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यातिथी के रूप में गायत्री परिवार की ओर से कार्यक्रम के उद्घोधक डॉ. प्रतिभा पारधी (एम.बी.बी.एस.), डॉ. विदया कटरे (प्रोफेसर आयुर्वेदिक कॉलेज), डॉ. वर्षा याज्ञनिक (सेवानिवृत्त खेल शिक्षिका) व संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष श्रीमती अल्का पी. कटकवार, संस्था सचिव डॉ. निरज कटकवार, श्रीमती लीना एन. कटकवार उपस्थित थे। सेमिनार में कक्षा 8 वी से 10 वी के छात्रों को मार्गदर्शक टीम ने डिजिटल डिटॉक्स का मतलब समझाते हुए अधिकांश समय के लिए डिजिटल उपकरणों जैसे स्मार्टफोन, कंप्यूटर, टैबलेट और सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह कॉउसलिग गतिविधियों के अतंर्गत दी। जिसका उद्देश्य निरंतर कनेक्टिविटी और स्क्रीन टाइम से ब्रेक लेकर जीवन में संतुलन और फोकस बरकरार रखने के लिए प्रेरित करना था।

डॉ. प्रतिभा पारधी ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि डिजिटल उपकरणों का उपयोग छोडने में थोडा समय लग सकता है लेकिन दृढ़निश्चिय से लक्ष्य के प्रति ध्यानफेंद्रित करके, आप इस उपलब्धि को प्राप्त कर सकते है। फलस्वरूप दिनचर्या में जो बदलाव जैसे कार्यों के लिए अधिक समय मिलना, मानसिक और शारीरीक स्वास्थ संतुलन व एकाग्रता आपको लक्ष्य के प्रति अग्रसर करेंगी। स्कूल प्राचार्या श्रीमती मिनाक्षी महापात्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रदर्शन श्रीमती रविकांता पारधी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफलार्थ सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर ने अथक प्रयास किया

## गालीगलौज कर दी धमकी

**गोंदिया**-सालेकसा थाने के तहत सालेकसा (आमगांव खुर्द) निवासी फिर्यादी संजय मनोहरराव बारसे (50) ने आरोपी मंगेश दिनदयाल फुंडे (32) से कहा कि तेरे चौपहिया वाहन के पानी से गंदगी फैल गई है और उसकी दो दिन में सफाई कर के दे. जिस पर आरोपी ने फिर्यादी से कहा कि मैं करू या ना करू. यहीं बात फिर्यादी अपने घर के आगे रहने वाली मुन्नीबाई एकुलकर को बता रहा था. इस दौरान आरोपी ने उसके साथ गालीगलौज कर धक्का-मुक्की की. वहीं आगे देख लेने की धमकी दी.

## जहरीले सर्प ने किया दंश युवक की मौत



**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता देवरी )** - देवरी तहसील के चिचगढ़ पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्रामआभोरा निवासी मनोज कुमार कौशिक उम्र 35 वर्ष की जहरीले सर्प के दंश के पश्चात उपचार के लिए 31 जुलाई गुरुवार की सुबह गोंदिया के शासकीय चिकित्सालय में ले जाते समय मार्ग में ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चिचगढ़ पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम आभोरा निवासी 35 वर्षी युवक मनोज कुमार कौशिक 30 जुलाई की रात भोजन करने के पश्चात सोने के लिए गया था इसी दौरान बिस्तर के समीप अंधेरे में छुपे एक जहरीले सर्प ने दंश कर लिया।

सर्प दंश होने पर उपचार के लिए चिचगढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया जहां रात में उसका उपचार किया गया लेकिन स्थिति में सुधार न होने के चलते आगे के उपचार के लिए 31 जुलाई को गोंदिया के शासकीय जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया।

रेफर करने के पश्चात मनोज को गोंदिया लाते समय रास्ते में ही उसके प्राण पखेरू उड़ गए।

उपरोक्त मामले में चिचगढ़ पुलिस थाने में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की। मृतक के पीछे एक बड़ा परिवार है जिसके निधन से परिवार व ग्राम में शोक निर्माण हो गया।



## संपादकिय...

# दर्द या पश्चाताप के आंसू

प्रलय के बीच गलतियों में डूबता मंथन, सिर्फ पहाड़ को कोस कर अपने पाप नहीं छुपा सकता। दोष की एक लंबी फेहरिस्त और समय के चाबुक से पहाड़ की नंगी पीठ के घाव बता रहे हैं कि फिर से खाके सजाने पड़ेंगे या जीने की मुनादी नहीं, जीने के पांव छुपाने पड़ेंगे। कम से कम शर्तें तो यही हैं कि पहाड़ अब अपनी ही कंद्राओं में छुप जाए और यहां रहने वाले आदिमानव हो जाएं। बहरहाल हिमाचल के बाद उत्तरकाशी का दर्द और पश्चाताप के आंसू लिए पहाड़ अपने भीतर पाप के ऐसे घड़े फोड़ रहा है, जो उसके हैं ही नहीं। मात्र 34 सेकेंड में उत्तराखंड का एक खुशहाल गांव धराली का अस्तित्व मिट गया। इस चीखोपुकार में किसी का घर, किसी का मोहल्ला गया। आंसुओं के उस सैलाब में किसी का बेटा, किसी की मां और किसी के सारे रिश्ते बह गए। बची है प्रायश्चित की आंखें, चंद खंडहर, सिसकती यादें और विध्वंस की छुरी से बच गए और कुछ बाढ़ के रास्ते में नहीं आए। हम केंचुए से नहीं पूछ सकते, उसकी रीढ़ क्यों नहीं और न ही बारिश से पूछ सकते, उससे मर्यादा के सवाल। वह आएगी, पहाड़ पर होते हुए ही आएगी। उसके दामन में बादलों का डेरा, उजड़ती धूप में दिन भी अकेला। कमोबेश पहाड़ का जीवन भी बरसात में अकेला होने के खौफ में, इन दिनों नागरिक समाज से सरकार तक भयावह परिस्थिति में है। हमने यह भी देखा कि जो बादल उत्तराखंड में आए, वे रिश्तेदारी में हिमाचली ही थे, लेकिन केंद्र ने अपने रिश्ते बदल दिए। रहम की पट्टियां वहां जल्दी पहुंच गईं जहां चौबारे सियासत के मजबूत पायों पे थे। अब राहत की चपाती पर भी सियासत लिखी जाए, तो कौन अपना चेहरा दिखाकर खुद को इनसान कह पाएगा। कहर उत्तराखंड को दर्द देता है और इसलिए दोनों राज्यों के बचाव में सुलूक को एक जैसा देखा जाएगा। बहरहाल, उत्तरकाशी के गांव की विनाश लीला ने पर्वत की आर्थिकी में पर्यटन के धमाल को कोसना शुरू किया है। पहाड़ पर पर्यटन कहने को मंजिल है, लेकिन जीने की तमन्ना ने आंखें खोलीं, तो खुरदरी सतह पर सबसे पहले अपने पांव दुरुस्त किए। ऐसे में अगर हिमाचल और उत्तराखंड ने आगे बढ़ने के लिए पर्यटन की किश्तियां खोजीं, तो क्या गुनाह किया। पर्यटन सिर्फ खाका नहीं, अनुभव की शैली में सुकून और रोमांच की एक अदा है। ये अदा प्राकृतिक और स्वाभाविक रूप से जितनी उत्तराखंड को मिली, उससे कहीं अधिक हिमाचल को मिली। यह दीगर है कि उत्तराखंड के फलक पर पर्यटन के पांव ज्यादा चले और कनेक्टिविटी ने यात्रा को गति से जोडक़र समागम बना दिया। हमारे बद्रीनाथ भी ऊंचे पहाड़ पर हैं, लेकिन मणिमहेश और श्रीखंड जैसी यात्राओं को हमने हाई-वे नहीं बनाया। पर्यटन में भी पड़ोसी राज्य हमसे आगे हैं। इसी बीच हिमाचल ने भी पर्यटन की मात्रात्मक गिनती शुरू करके पांच करोड़ सैलानी बुलाने का मंतव्य चुना, तो हमने सर्वप्रथम इन्हीं कालमों में इस आइडिया को घातक बताया था। अब पुन: बहस उत्तराखंड के मार्फत हमारे करीब आई है कि पहाड़ पर सैलानी आने के मानदंड सुनिश्चित करने पड़ेंगे। सारा उत्तराखंड पर्वत नहीं और न ही हिमाचल सिर्फ पहाड़ की चोटियां पर बसता है।

## श्रमिक पत्रकार संघ का तिलक गौरव, मेधावी छात्र उत्कृष्ट सामाजिक एवं कृषि पुरस्कार वितरण समारोह 15 अगस्त को

**बुलंद गोंदिया।** श्रमिक पत्रकार संघ का तिलक गौरव पुरस्कार वितरण समारोह शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को दोपहर 12-00 बजे गोंदिया स्थित राइस मिलर्स एसोसिएशन हॉल में आयोजित किया जा रहा है। हर वर्ष की तरह, श्रमिक पत्रकार संघ लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की स्मृति में तिलक गौरव पुरस्कार और पिछले वर्ष पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न पुरस्कारों के साथ-साथ एसएससी (10वीं) और एचएससी (12वीं) में जिले में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों और गोंदिया क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली धर्मार्थ संस्थाओं, सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों और कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित करेगा। इसमें श्रमिक पत्रकार संघ द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों में श्रमिक पत्रकार संघ तिलक गौरव पुरस्कार विश्वास बोम्बोर्डे को दिया जाएगा। इसके साथ ही स्वर्गीय मनोहरभाई पटेल स्मृति संपादकीय पुरस्कार, स्वर्गीय रामकिशोर कटकवार उत्कृष्ट समाचार चैनल पुरस्कार, स्वर्गीय स्वतंत्रता सेनानी हीरालाल जैन उत्कृष्ट विकास समाचार पुरस्कार, स्वर्गीय संतोष अग्रवाल स्मृति शोध समाचार पुरस्कार, कृष्णा सहयोग तकनीकी शिक्षा संस्थान सामाजिक पुरस्कार, पूर्व विधायक खोमेशभाऊ राहंगडाले की ओर से कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट पुरस्कार, श्रमिक पत्रकार संघ की ओर से सर्वश्रेष्ठ फोटो पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ समाचार पत्र विक्रेता पुरस्कार और सहयोग मल्टी स्टेट क्रेडिट को-ऑप पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। मेधावी छात्र पुरस्कार आदि का वितरण गोंदिया जिले के पालकमंत्री एवं गोंदिया जिला परिषद के अध्यक्ष लायकराम भेंडरकर द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री विधायक राजकुमार बडोले, सांसद प्रफुल पटेल, सांसद डॉ. प्रशांत पडोले, विधायक डॉ. परिणय फुके, विधायक विनोद अग्रवाल, विधायक विजय राहंगडाले, विधायक संजय पुरम, जिला परिषद उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे, जिला परिषद निर्माण अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मण भगत, कृषि एवं पशुपालन अध्यक्ष श्रीमती दीपताई चंद्रिकापुरे, समाज कल्याण अध्यक्ष श्रीमती रजनी कुंभारे, बाल कल्याण अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमाताई ढेंगे, पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेंद्र जैन, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, गोंदिया जिलाधिकारी प्रजीत नायर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुरुगनंथम एम, जिला पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, नगर परिषद के मुख्य अधिकारी संदीप बोरकर, जिला सूचना अधिकारी श्वेता राउत, पोटूडे, राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महेश अग्रवाल आदि उपस्थित रहेंगे। श्रमिक पत्रकार संघ के अध्यक्ष हाजी अल्ताफ शेख, सचिव संजय राऊत, उपाध्यक्ष सावन दोय, कार्यक्रम संयोजक रवि सपाटे, कोषाध्यक्ष हरीश मोटघरे, सहसचिव महेंद्र बिसेन, सदस्य महेंद्र माने, नवीन अग्रवाल, मोहन पवार, सुरेश येले, दिलीप पारधी, बाबाभाई शेख, नवीन दहिकर, सुनील कावले, कयूम शेख, साहिल भावडकर, अमित गुप्ता ने नागरिकों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## महिला की मौत

**भंडारा**-पानी भरते समय फिसलकर गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई. मृत महिला का नाम दुर्गा प्रकाश भेलावे (32) है. घरेलू काम करते समय दुर्गा ने स्टील की पानी से भरी बाल्टी उठाई, जिससे उनका पैर घर की टाइल्स पर फिसल गया और वह जोर से गिर पड़ीं. गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें जिला सामान्य अस्पताल, भंडारा में प्राथमिक इलाज देकर नागपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई. भंडारा पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

## GRP गोंदिया कर रही आगे की कार्रवाई
# दो ट्रोली बैग से 4.22 लाख रु. का गांजा जब्त



**गोंदिया**-पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के मार्गदर्शन में 4 अगस्त को सुबह 11.10 बजे श्वान स्क्वाड गोंदिया के अधिकारी पुलिस उप निरीक्षक सतीश सिरिया, श्वान हस्तक पुलिस हवालदार विजय ठाकरे, पुलिस सिपाही उमेश मारवाडे, चालक पुलिस हवालदार पेरने, श्वान लुसी अमली पदार्थ शोधक के साथ शासकीय वाहन क्र. एमएच 35 डी 553 से नियमित निरीक्षण के लिए रेलवे स्टेशन गोंदिया गए और रेसुब गोंदिया द्वारा दी गई सूचना पर ट्रेन क्र. 12807 समता एक्सप्रेस के कोच क्र. ए 2 बर्थ क्र. 1.3 के नीचे दो ट्रॉली बैग जब्त किए. बैग को रेसुब गोंदिया निरीक्षक एन.पी. पांडे, सहायक फौजदार मंदा भिवगड़े आरक्षक रोशन बंधाटे और जीआरपी पुलिस निरीक्षक सुनील उडके, हवालदार किशोर ईश्वर के समक्ष श्वान लुसी ने संकेत दिया कि इसमें एक तेज गंध वाला मादक पदार्थ (गांजा) है. उसमें 21.100 किग्रा. वजन का अनुमानित कीमत 4,22,000 रु. का गांजा पाया. जीआरपी गोंदिया में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 (बी), (सी) के तहत मामला दर्ज किया गया है और जीआरपी गोंदिया द्वारा आगे की जांच की जा रही है.

# तिरोड़ा जनरल व्यापारी संघ की हुई बैठक

**तिरोड़ा**-तिरोड़ा जनरल व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एक महत्वपूर्ण व्यापारी सभा का आयोजन किया गया. जिसमें शहर के सभी प्रमुख व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए. इस सभा का उद्देश्य व्यापारियों को हो रही समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखना और उसका सामूहिक समाधान तलाशना था. अध्यक्षता तहसीलदार एन. एम. ठाकरे ने की. प्रमुख अतिथि के रूप में पुलिस निरीक्षक अमित वानखेडे उपस्थित थे. सभा का आयोजन व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुनील बारापात्रे के के नेतृत्व में हुआ. सभा में व्यापारी संगठन द्वारा तहसीलदार ठाकरे, पुलिस निरीक्षक अमित वानखेड़े का स्वागत किया गया. होटल व्यवसायी संजीव केसरवानी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी गई. बारापात्रे ने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत किया. उन्होंने बताया कि शहर में व्यापार संचालन के दौरान अनेक बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं, जिनमें सबसे प्रमुख समस्या बाजार क्षेत्र में टिप्पर जैसे बड़े वाहनों की अव्यवस्थित आवाजाही, जिससे ट्राफिक जाम और सुरक्षा संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं. इसके साथ ही पार्किंग की समस्या, ग्राहक द्वारा सड़कों पर वाहन खड़ा करने से होने वाली असुविधा जैसे विषय भी चर्चा में लाए गए. पुलिस निरीक्षक अमित वानखेडे ने व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए बताया कि शहर में सुचारु ट्राफिक व्यवस्था के लिए %ऑड-ईवन% फॉर्मूले को लागू करने की योजना है, ताकि भीड़भाड़ कम हो सके और बाजार परिसर में अनावश्यक वाहनों की आवाजाही पर नियंत्रण पाया जा सके. उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे अपने ग्राहकों को सड़क पर गाड़ियां खड़ी न करने की सूचना दें, जिससे यातायात प्रभावित न हो. सभा में कई व्यापारियों ने भी अपने सुझाव दिए, जिनका पुलिस निरीक्षक व तहसीलदार ने सकारात्मक और समाधानात्मक दृष्टिकोण से उत्तर दिया. जहां व्यापारी वर्ग को यह विश्वास मिला कि प्रशासन उनके साथ है और उनके व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए तत्पर भी. यह बैठक न सिर्फ प्रशासन और व्यापारियों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनी, बल्कि एक नए सहयोगात्मक युग की शुरुआत का संकेत भी दे गई.

# मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर गप्पी मछली छोड़ने जन जागरूकता 2 अगस्त को सामूहिक गप्पी मछली छोड़ने का अभियान सफल रहा

### » कीट जनित रोगों पर नियंत्रण हेतु ज़िले भर में 1146 स्थानों पर गप्पी मछलियाँ छोड़ी गईं



बुलंद गोंदिया। पिछले सप्ताह ज़िले में हुई भारी बारिश के कारण, जगह-जगह बारिश का पानी जमा हो गया है। इसलिए, मच्छरों के प्रजनन स्थलों में वृद्धि की संभावना को देखते हुए, राष्ट्रीय कीट जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत, ज़िले में डेंगू बुखार, डेंगू, चिकनगुनिया, चांदीपुरा, जेई और एलिफेंटियासिस जैसे कीट जनित रोगों के रोगियों की संख्या में वृद्धि की संभावना को देखते हुए, ज़िला स्वास्थ्य प्रशासन ने अलर्ट मोड पर रहते हुए2 अगस्त को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले गाँवों में जैविक उपायों के अंतर्गत उपलब्ध अस्थायी और स्थायी मच्छर प्रजनन स्थलों पर गप्पी मछली छोड़ने का दिवस मनाने की योजना बनाई थी।

जिसके अनुसार स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, ग्राम स्तरीय जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, जिला परिषद सदस्यों, पंचायत समिति सदस्यों, सरपंच, ग्राम पंचायत सदस्यों और गणमान्य नागरिकों की भागीदारी से प्रत्येक गांव में स्थायी और अस्थायी मच्छर प्रजनन स्थलों में गप्पी मछली छोड़ी गई। इस जन जागरूकता अभियान में, स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से गप्पी मछली के कीट जनित रोगों को नियंत्रित करने के लिए गांव और शहर स्तर पर मच्छर प्रजनन स्थलों में गप्पी मछली छोड़ने के महत्व को जनता के सामने प्रदर्शित किया गया। इस अभियान के दौरान मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करना, गड्ढों में मिट्टी डालना, नालियों को सुचारू रूप से चलाना, शुष्क दिवस मनाना, जहाँ हमेशा पानी जमा रहता है वहाँ गप्पी मछली छोड़ना, मच्छरों के लार्वा सर्वेक्षण, बुखार सर्वेक्षण, उन्मूलन, लार्वा उन्मूलन, शौचालयों के वेंट पाइपों पर जाल लगाना, साथ ही निवारक उपायों पर स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना, समूह बैठकें आयोजित करना आदि जैसे विभिन्न उपाय किए गए।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार ने कहा कि यदि जनभागीदारी से इस दिवस को मनाने की इस अभिनव पहल को ग्राम पंचायत के माध्यम से क्रियान्वित किया जाए, तो निश्चित रूप से शीत ज्वर के प्रसार को कम करने में मदद मिलेगी। इसके लिए प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के गप्पी मछली प्रजनन केंद्रों से गप्पी मछलियाँ वितरित की गईं।

गप्पी मछलियाँ मच्छरों के लार्वा की शिकारी होती हैं, इसलिए इस अभियान में, मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर स्थायी और अस्थायी रूप से गप्पी मछलियाँ छोड़ने की अवधारणा को जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनोद चव्हाण द्वारा क्रियान्वित किया गया और उन्होंने बताया कि जनभागीदारी से 1146 स्थानों पर गप्पी मछलियाँ छोड़ी गई हैं।

मच्छर पानी में पनपते हैं, इसलिए तालाबों, नालियों आदि जैसे स्थानों में पानी की निकासी करके और उन स्थानों को मिट्टी से ढककर रखने से मच्छर पनप नहीं पाते। इस उपाय को स्रोत को नष्ट करना कहते हैं। मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मच्छरों पर नियंत्रण करते समय, मच्छरों के प्रजनन स्थलों जैसे खुली नालियों, तालाबों और रुके हुए पानी की निकासी अवश्य करनी चाहिए और यदि ऐसा संभव न हो, तो गप्पी मछलियों को तालाबों या अप्रयुक्त कुओं में छोड़ा जा सकता है।

### गप्पी मछलियों को पालने के लाभः

गप्पी मछलियाँ पानी में मौजूद मच्छरों के लार्वा खाती हैं, जिससे घर में मच्छरों की संख्या कम हो जाती है।

यह बाज़ार से रासायनिक उत्पाद खरीदने की तुलना में सस्ता और सुरक्षित उपाय है।

गप्पी मछलियों को टैंक या किसी भी जलाशय में, जहाँ उन्हें रखा जाता है, ऑक्सीजन यूनिट की आवश्यकता नहीं होती है।

इनका आहार अन्य मछलियों की तुलना में कम होता है।

गप्पी मछलियाँ अंडे दिए बिना ही बच्चों को जन्म देती हैं, इसलिए उनकी जीवित रहने की दर ज़्यादा होती है।

जनसहभागिता से मच्छरों के प्रजनन स्थलों पर गप्पी मछलियाँ छोड़ने से मच्छरों के लार्वा को कम करने में निश्चित रूप से मदद मिलेगी। मच्छरों के प्रजनन को नियंत्रित करने से कीट जनित रोगों में कमी आएगी और संक्रमित रोगियों की संख्या में भी कमी आएगी। यह जैविक उपाय सस्ता है और अच्छे परिणाम देता है। अगर इसे जनसहभागिता से हर गाँव में नियमित रूप से लागू किया जाए, तो कीट जनित रोगों को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

**- डॉ. विनोद चव्हाण, जिला स्वास्थ्य अधिकारी गोंदिया**

## लाठी से मारकर किया घायल

**गोंदिया**-रावणवाड़ी थाने के तहत निलज निवासी फिर्यादी सेवानंद भिमराज परिहार (20) अपने बड़े पिता के लड़के के साथ खेत में रोपाई करने गया था. इस दौरान रोपाई करने आए लोगों में से एक की बकरी फिर्यादी के खेत में चारा खा रही थी. इस बीच आरोपी दिनेश लोकचंद हरिणखेडे (45) ने धमकी दी कि रोपाई करने आए उनकी बकरी या खेत मालिक बकरी मेरे खेत में आए तो दोनों को ही मारपीट करूंगा. बाद में वह चले गया था. फिर्यादी खेत से घर जा रहा था. इस दौरान आरोपी ने फिर्यादी को लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया. साथ ही बीचबचाव करने आए आदर्श रंगारी व डिगंबर हरिणखेडे को भी लाठी से मारकर घायल कर दिया. फिर्यादी की शिकायत पर रावणवाड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच गौतम गौरे कर रहे हैं.

## रेलवे स्टेशन गोंदिया में विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस कार्यक्रम मनाया गया




**बुलंद गोंदिया।** बच्चों के लिए न्याय तक पहुँच पहल के अंतर्गत, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और भारतीय समाज कल्याण सोसायटी गोंदिया, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और चाइल्ड लाइन के सहयोग से 30 जुलाई, 2025 को विश्व मानव तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन गोंदिया में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोंदिया के मुख्य स्टेशन प्रबंधक मृत्युंजय रॉय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष देवका खोबरागड़े ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानन गोबडे, जीआरपी, पुलिस उपनिरीक्षक चंद्रकांत भोयर, भारतीय समाज कल्याण सोसायटी गोंदिया के निदेशक अशोक बेलेकर, बाल कल्याण समिति के सदस्य मनोज राहंगडाले, अलका बोकड़े, वर्षा हलमारे, जयश्री कपगते, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिवक्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में पुलिस उपनिरीक्षक पूजा सुरदकर, मुख्य वाणिज्य लिपिक अजीत कुमार, न्याय तक पहुँच-भारतीय समाज कल्याण समिति गोंदिया के जिला समन्वयक ज्ञानेश्वर पटले, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक रेलवे स्टेशन अमोल मेश्राम, चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मचारी, जिला महिला एवं बाल विकास कर्मचारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मानव तस्करी के बढ़ते स्वरूपों, तस्करी के कारणों और स्रोतों तथा बच्चों की सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। स्थानीय स्तर पर कौन से उपाय कारगर हो सकते हैं, इस पर ज़ोर दिया गया। इस पहल का उद्देश्य मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करना और साथ ही सभी संबंधित एजेंसियों के बीच समन्वय बनाकर संयुक्त कार्रवाई को बढ़ावा देना था। यदि बाल तस्करी को रोकना है, तो कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। बाल तस्करों को शीघ्र और कठोर दंड मिलने पर ही हम उनमें कानून का भय पैदा कर पाएँगे और यह भय ही तस्करी रोकने का सबसे प्रभावी उपाय होगा। रोकथाम अभियानों की सफलता के लिए जिले में सुदृढ़ प्रशासनिक समन्वय और समय पर कानूनी कार्रवाई आवश्यक है। कहा गया कि इस तरह काम करके हम न केवल बच्चों की सुरक्षा कर पाएँगे, बल्कि बच्चों का शिकार करने वाले तस्करी गिरोहों के नेटवर्क को भी ध्वस्त कर पाएँगे। आरपीएफ, जीआरपी, श्रम निरीक्षक, मुख्य स्टेशन प्रबंधक, टीटीई, विक्रेता, कुली, सभी ऑटो चालक और यात्रा करने वाले नागरिकों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने मानव तस्करी के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने और सहयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर, जेआरसी से प्राप्त तस्करी विरोधी ऑडियो और वीडियो क्लिप की रेलवे स्टेशन पर हिंदी और अंग्रेजी में घोषणा की गई।कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन न्याय तक पहुँच - भारतीय समाज कल्याण समिति गोंदिया के जिला समन्वयक ज्ञानेश्वर पटले ने किया। जिला बाल संरक्षण प्रकोष्ठ के पूर्णप्रकाश कुठेकर, दीपमाला भालेराव, अनीता ठाकरे, भाऊराव राउत, भाग्यश्री ठाकरे, मुकेश पटले, धर्मेंद्र भेलावे, भागवत सूर्यवंशी, नरेश लांजेवार, चाइल्ड लाइन की पूजा डोंगरे, अजय खोबरागड़े और रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी और रेलवे स्टेशन के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम के आयोजन और सफलता के लिए अथक प्रयास किया।

## अतिक्रमण धारकों को जल्द मिलेगा मालकियाना हक्क विधायक विनोद अग्रवाल ने जमीन के पट्टे तत्काल वितरण की प्रक्रिया पूर्ण करने के दिए निर्देश



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया के उपविभागीय कार्यालय के सभागृह में विधायक विनोद अग्रवाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे शहर तथा ग्रामीण विभाग के अधिकारी, महसूल कर्मचारी, भूमि अभिलेख विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में विधायक विनोद अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि2011 के पूर्व के अतिक्रमण धारकों को जमीन के पट्टे वितरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जाए और किसी भी प्रकार का पक्षपात न किया जाए। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर से पूर्व यह कार्य कालबद्ध रूप से पूर्ण किया जाना चाहिए। विधायक विनोद अग्रवाल ने चुनाव में अपने चुनावी सभाओं में जनता से वादा किया था कि उन्हें उनका मालकियाना हक्क वह दिलवाकर रहेंगे जिसको लेकर उन्होंने शासन स्तर पर निरंतर प्रयासरत रहकर सफलता हासिल की है और शासन ने इसपर सकारात्मक निर्णय लिया है। विधायक ने आयोजित बैठक में कहा कि पट्टा वितरण के लिए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष एजेंसी गठित की जाए। ग्राम पंचायत स्तर पर अतिक्रमण का सर्वे करते समय निष्पक्षता रखी जाए और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सहयोग लेकर कार्य किया जाए। विधायक ने यह भी निर्देशित किया कि अतिक्रमण की प्रवृतियों में वन विभाग की जमीन, आबादी क्षेत्र की जमीन, झाड़ीयुक्त (झुडपी जंगल) क्षेत्र और चरागाह भूमि इन सभी प्रकारों का समुचित सर्वेक्षण कर, उपलब्ध जानकारी को ध्यान में रखकर कार्यवाही की जाए। बैठक में भूमि अभिलेख विभाग के अधिकारियों से विधायक विनोद अग्रवाल ने सिटी सर्वे से जुड़ी जानकारी का भी जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल, उपविभागीय अधिकारी खंडाईत, तहसीलदार समशेर पठान, खंड विकास अधिकारी पिंगळे, कृषि उत्पन्न बाजार समिती के सभापती भाउराव उके, पंचायत समिती सभापती मुनेश रहांगडाले, भूमि अभिलेख अधिकारी क्षीरसागर, नगर परिषद मुख्याधिकारी बोरकर, भाजपा महामंत्री सुनील केलनका, पूर्व नगराध्यक्ष कशिश जायसवाल, पूर्व नप उपाध्यक्ष शिव शर्मा, धर्मेश बेबी अग्रवाल पूर्व सभापती नप,ललित तावाड़े, संदीप तुरकर, ऋषिकांत शाहू, राजू पटले, रोहित अग्रवाल, अभय मानकर, अमित भालेराव, दीपम देशमुख, तथा मंडल अधिकारी व अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी इस दरम्यान उपस्थित थे।

## वाहन चालक पर मामला दर्ज

**गोंदिया**-आमगांव शहर के देवरी मार्ग पर स्थित आंबेडकर चौक में लापरवाही से वाहन चलाने वाले कुंभारीटोला निवासी रिजवान आबाद खान पठान (34) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. वह वाहन क्र. एमएच -40 - एन-7024 को लापरवाहीपूर्वक चला रहा था. इस दौरान सिपाही सुभाष शहारे ने उसके खिलाफ कार्रवाई की. आमगांव पुलिस ने मामला दर्ज किया है.

# ग्राम के विकास कार्यों को बाधित करने व राजनीतिक द्वेष से लगाया भ्रष्टाचार का झूठा आरोप - सरपंच हर्ष मोदी

**बुलंद गोंदिया।** सडक अर्जुनी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सौंदड को चहुमुखी विकास के कार्यों को बाधित करने के चलते सरपंच हर्ष मोदी पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप विरोधी पक्ष द्वारा लगाए गए जो बेबुनियात वह मनगढ़ंत है इन सभी आरोपों का खंडन सरपंच हर्ष मोदी द्वारा आयोजित पत्र परिषद में कर संपूर्ण खुलासा किया। गौरतलब है की सौंदड ग्राम पंचायत के सरपंच पद पर हर्ष मोदी केवर्ष 2023 में निर्वाचित होने के पश्चात ग्राम को चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है जो विरोधियों को रास नहीं आ रहा है।

जिससे उन्हें भ्रष्टाचार के अवसर नहीं मिल रहे हैं जिससे बौखला कर सरपंच पर राजनीतिक द्वेष के चलते भ्रष्टाचार के मनगढ़ंत वह बेबुनियाद आरोप उप सरपंच रोशन शिवणकर द्वारा गत सप्ताह लगाए गए थे।

उप सरपंच द्वारा लगाए गए इन झूठे आरोपों का खुलासा करने के लिए सरपंच हर्ष मोदी द्वारा 2 अगस्त को पत्र परिषद आयोजित की गई थी जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम कहा कि इन बी बुनियाद मनगढ़ंत आरोपी से वह घबराते नहीं है लेकिन विरोधियों को उनको उनकी भाषा में ही जवाब देना अनिवार्य है तथा विकास कार्यों के चलते ग्राम के नागरिकों का समर्थन उन्हें प्राप्त है।

उप सरपंच रोशन शिवणकर कर द्वारा उन पर जो आरोप लगाए गए जिसमें शासकीय जमीन पर अतिक्रमण करना,60 लख रुपए का घोटाला करना अधिक दर में कुर्सियों का खरीदना, वह अन्य विषयों के साथ ही उपसरपंच द्वारा अधिकारियों पर आमरण अनशन की चेतावनी व विभिन्न दबाव बनाकर तीन-तीन बार अतिक्रमण के संदर्भ में जांच करवाना




लेकिन कोई भी आरोप सिद्ध नहीं हुए।

जिसपर रोशन शिवणकर द्वारा उनकी स्वच्छ छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है जो सभी आरोप राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के चलतेमनगढ़ंत लगाए जा रहे हैं तथा सभी आरो प बेबुनियाद है जो सिद्ध हो चुके हैं तथा ग्राम के नागरिकों को भी इसकी जानकारी हो चुकी है।

इन बे बुनियाद आरोपी का जवाब देना मैं उचित नहीं समझता था किंतु ग्राम के नागरिक लोग का आग्रह था कि इन आरोपो का जवाब देना चाहिए इसलिए आज इस पत्र परिषद के माध्यम से झूठे आरोपों का खुलासा किया जा रहा है लगाए गए इन झूठे आरोपों के खिलाफ उन पर एक करोड रुपए की मानहानि का मामला भी दर्ज किया जा रहा है।

बिना पद के भी निरंतर जन सेवा जन सेवा करने के लिए पद आवश्यक नहीं है मैं गत 15 वर्षों से निरंतर जनसेवा के कार्य कर रहा हूं जो सरपंच बनने के पूर्व भी शुरू से तथा सरपंच बनने के बाद भी शुरू है जिसमें महिलाओं के विकास, नेत्र शिविर स्वास्थ्य शिविर शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य निरंतर कर रहा हूं।

सक्षम संपन्न परिवार से मैं सक्षम व संपन्न परिवार से हूं मुझे भ्रष्टाचार करने की आवश्यकता ही नहीं है बल्कि जनहित के कार्यों में धन खर्च करने की हमारी परंपरा है।

भ्रष्टाचार का अवसर नहीं मिलने से बौखलाया शिवणकर खुद ठेकेदार का कार्य करता हैं तथा उन्हें ग्राम के विकास कार्यों की ठेकेदारी करना था लेकिन हमने ग्राम को ठेकेदारी मुक्त रखने का वादा ग्राम वासियों से किया था। जिसके चलते उपसरपंच को ठेकेदारी का कार्य नहीं मिलने से वह बौखला कर मनगढ़ंत आरोप लगाकर राजनीतिक दुश्मनी निकाल रहा हैं।

ग्राम के विकासात्मक मुद्दों पर चुनाव जीता ग्राम पंचायत चुनाव में पूर्व सरपंच के भ्रष्टाचारों के खिलाफ वह ग्राम के विकास को मुद्दा बनाकर हमने चुनाव लड़ा था जिस पर ग्राम की जनता ने हमें सत्ता तक पहुंचा इन बे बुनियाद आरोपी की परवाह न कर हम ग्राम के विकासात्मक कार्यों की ओर अग्रसर रहेंगे।

ओबीसी वह सभी वर्गों के लिए कार्य किया। उपसरपंच द्वारा अल्पसंख्यक मारवाड़ी होने व पैसे वाले का ताना दिया जाता है किंतु अब तक अपने राजनीतिक जीवन व सामाजिक जीवन में मैंने सभी वर्गों के लिए वह ओबीसी समाज के लिए कार्य किया है किंतु उपसरपंच जो स्वयं ओबीसी समाज से आते हैं उन्होंने आज तक अपने समाज के लिए क्या काम किया है वह जनता के सामने बताएं। आयोजित पत्र परिषद के अवसर पर सौंदड ग्राम पंचायत के सदस्य व ग्राम के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## घायल बुजुर्ग की मृत्यु

भंडारा, (का.) अचानक चक्कर आकर रास्ते में गिरे बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु हो गई. मृतक का नाम तुलसीनगर, खात रोड, भंडारा निवासी विठ्ठलराव गणपत क्षीरसागर (79) है. घटना के समय वे सड़क पर गिर गए, जिसके बाद तुलसीनगर निवासी यश केजरकर (19) ने उन्हें सरकारी अस्पताल, भंडारा में भर्ती कराया, पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

## मामूली बात पर युवक पर कड़े से किया हमला

**भंडारा**- मामूली बात पर विवाद के चलते एक युवक पर लोहे के कडे से हमला कर दिया गया. यह घटना केसलवाड़ा गांव में हुई. पीड़ित केसलवाड़ा तहसील पवनी निवासी रुपेश राजेश गजभिये (24) रात 8-15 बजे गांव के विहार चौक पर गए थे, जहां आरोपी त्रिलोक हरिदास खोब्रागडे (24) मिला. रुपेश ने उससे कहा कि ट्रैक्टर से कीचड़ फैलाने से उसकी बाइक स्लिप हो रही थी और वह गिर सकता था. इस बात पर दोनों में बहस हो गई और त्रिलोक ने कडे से रुपेश के कान, छाती और कंधे पर हमला कर दिया. घायल रुपेश नाली में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया.

# अंगदान जीवन संजीवनी अभियान स्वास्थ्य विभाग की स्वास्थ्य समिति ने शपथ और पोस्टरों के माध्यम से की जनजागृति

**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र में अंगदान की दर बढ़ाने और अंगदान की प्रतीक्षा कर रहे रोगियों को नया जीवन देने के उद्देश्य से, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर ने 3 से 15 अगस्त तक पूरे राज्य में अंगदान को एक आंदोलन के रूप में लागू करने का संकल्प लिया है। इसी के तहत, लोक स्वास्थ्य विभाग ने 3 से 15 अगस्त तक सभी जिलों में अंगदान जीवन संजीवनी अभियान को लागू करने के लिए दिशा-निर्देश दिए हैं।

4 अगस्त को जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत के अनुसार, चूँकि 3 से 15 अगस्त तक अंगदान जीवन संजीवनी अभियान के प्रति जनजागृति की जा रही है, इसलिए स्वास्थ्य समिति ने अंगदान के प्रति शपथ ली और पोस्टरों के माध्यम से जनजागृति की। इस अवसर पर यह जानकारी गोलहर ने दी।



जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष सुरेशजी हर्षे ने कहा कि अंगदान समय की मांग है और हर व्यक्ति को इसके बारे में जानकारी होनी चाहिए। अंगदान का अर्थ है किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद जरूरतमंदों को अंग (जैसे हृदय, लीवर, किडनी) और ऊतक (जैसे कॉर्निया, त्वचा) दान करना, ताकि वे अपना जीवन जी सकें या अपनी दृष्टि वापस पा सकें। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिससे कई लोगों को जीवनदान मिल सकता है। अंगदान एक महान कार्य है, क्योंकि इससे कई जरूरतमंद लोगों को जीवन मिल सकता है। किसी व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसके अंग और ऊतक बेकार हो जाते हैं, लेकिन अगर उन अंगों को दान कर दिया जाए, तो वे किसी अन्य व्यक्ति के लिए जीवनदान बन सकते हैं। अंगदान एक महान कार्य है, जिसके माध्यम से हम दूसरों को जीवन दे सकते हैं। इसलिए उन्होंने अंगदान के बारे में भ्रांतियों को दूर कर अधिक से अधिक लोगों से अंगदान के लिए आगे आने की अपील की।

स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारियों ने अंगदान की शपथ ली और इसे ग्राम स्तर पर प्रचारित और प्रसारित करने का संकल्प लिया। अंगदान पर जागरूकता अभियान के दौरान जिला परिषद सदस्य सुधा रहांगडाले, रचनाताई गहाणे, छायाताई नागपुरे, वैशाली पंधारे, गीताताई लिल्हारे, डॉ. भूमेश्वर पटले, प्रवीण पाटले, रूपेश कुथे के साथ जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हर, सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार वाघमारे, सहायक निदेशक (कुष्ठ रोग) डॉ. महेंद्र धनविजय, जिला संचारी रोग अधिकारी डॉ. निरंजन अग्रवाल, जिला मातृ एवं शिशु कल्याण अधिकारी भी मौजूद थे। डॉ. रोशन राऊत, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विनोद चव्हाण के साथ ही तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुकन्या कांबले, डॉ. प्रणित पाटिल, डॉ. स्वप्निल अत्रम, डॉ. ललित कुकड़े, डॉ. दर्शना नंदगवली, डॉ. नीलेश जाधव, जिला विस्तार और मीडिया अधिकारी विजय अखाडे, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला आईईसी अधिकारी प्रशांत खरात, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास विंचुरकर, सहायक प्रशासन अधिकारी प्रमोद काले, कनिष्ठ सहायक प्रशासन अधिकारी शाम लिचड़े, स्वास्थ्य सहायक प्रशांत बंसोड़, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक विजय शेंडे उपस्थित थे।

## प्रोग्रेसिव इंग्लिश हाईस्कूल में स्वास्थ्य शिविर संपन्न




**बुलंद गोंदिया।** राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों में जागरूकता लाने के लिए जिले में विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले, अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. तृप्ति कटरे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार और एनसीडी कार्यक्रम की जिला समन्वयक डॉ. स्नेहा वंजारी के मार्गदर्शन में केटीएस अस्पताल द्वारा 1 अगस्त को सिविल लाइंस, गौतम नगर स्थित प्रोग्रेसिव इंग्लिश हाई स्कूल में शिक्षकों, गैर-शिक्षण कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर एमटीएल एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्ष उमादेवी, डॉ. पंकज कटकवार और सचिव डॉ. नीरज कटकवार उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि यदि कर्मचारी नियमित स्वास्थ्य जांच करवाते हैं तो गैर-संचारी रोगों से बचाव संभव है। इस शिविर में कुल 115 कर्मचारियों का रक्तचाप और रक्त शर्करा परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोनम जाधव ने नियमित रक्तचाप और शुगर की जाँच के महत्व को समझाया। इस अवसर पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कंचन भोयर ने कर्मचारियों को व्यायाम और संतुलित आहार का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि उचित आहार, नियमित व्यायाम और तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर गैर-संचारी रोगों से आसानी से बचा जा सकता है। केटीएस अस्पताल के भाई मनोज राठौड़, स्टाफ नर्स डिंपल राघोर्ते, साथ ही प्रोग्रेसिव स्कूल की ज्योति पशीने, ओ.टी. राहंगडाले, कुमुदिनी तावड़े, वीना कवाड़े, अभय गुरव, राहुल रामटेके और दिव्यांशु जायसवाल ने कार्यक्रम के आयोजन में बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि इस स्वास्थ्य शिविर से कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है और नियमित जाँच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार में मदद मिलेगी।

## नागरा मंदिर में कांवड़ियों ने किया शिव रुद्राभिषेक



**गोंदिया**-प्रति वर्षानुसार इस बार भी विगत 35 वर्षों से देशबंधु वार्ड, मुख्य बाजार परिसर से आचार्य पं. ललित पुरोहित, पं. राजकुमार तिवारी, नरेश जोशी, सुशील शर्मा, महेश सोनी के मार्गदर्शन में दिनेश ठाकुर, आकाश शर्मा, राहुल तिवारी, तन्मय तिवारी, भोला जालु आदि कांवड़ियों व शिवभक्तों ने रजेगांव स्थित बाघ नदी से जल भरकर पैदल चलकर भजनों की प्रस्तुती के साथ नागरा के शिव मंदिर में रुद्राभिषेक किया. इस दौरान कुमार ठाकुर द्वारा शिव तांडव आकर्षण का केंद्र रहा.

## अवैध शराब तस्करी पर आरपीएफ ने की कार्रवाई

**गोंदिया**-रेलवे सुरक्षा बल नागपुर के मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के मार्गदर्शन में चोरी की रोकथाम के लिए गठित विशेष मंडल टास्क टीम के सहायक उप निरीक्षक के. के. निकोडे, प्र.आ. आर.सी. कटरे, प्र.आ. राहुल सिंह, आ. वी.के. कुशवाहा, अ.गु.शां. गोंदिया के सहायक उप निरीक्षक आर.एस. बागडेरीया व आ. कृष्ण मुरारी के साथ ट्रेन क्र. 12844 अहमदाबाद-पुरी में गोंदिया से डोंगरगढ़ तक चेकिंग के दौरान सामने के जनरल कोच में एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर 2 नग बैग के साथ पकड़ा गया. उसने अपना नाम दीपक शौकतराय ग्यानचंदानी (62) बाराखोली, सिंधी कॉलोनी, गोंदिया निवासी बताया तथा यात्रा टिकट क्र. 71217163 गोंदिया से रायपुर तक का दिखाया. उसके कब्जे में रखे 2 नग बैग को चेक करने पर दोनों बैग में विदेशी शराब क्रमशः ओसी ब्लू कंपनी की 6 बोतल प्रत्येकी 2 लीटर कुल कीमत 9300 रु., मेकडाल नं. 1 कंपनी की 1 बोतल 2 लिटर कीमत 1600 रु., 8 पीएम स्पेशल कंपनी की 4 बोतल प्रत्येकी 1 लीटर कुल 4 लिटर कुल कीमत 2480 रु., रायल स्टेज कंपनी के 30 नग 90 एमएल कुल 2.700 लीटर कुल कीमत 3150 रु. इस तरह कुल 20.700 लिटर जिनकी कुल कीमत 16,530 रु. बताई गई. इस संबध में वैध अधिकार पत्र की मांग करने पर उसने कोई भी अधिकार पत्र नही होना बताया. उसे डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में उतार कर सामग्री सहित आबकारी विभाग डोंगरगढ़ को सुपुर्द करने पर आरोपी के खिलाफ काईवाई की गई.

## गोंदिया तहसील के 14 लाभार्थियों को सरकारी पट्टे वितरित



**बुलंद गोंदिया।** 1 अगस्त से 7 अगस्त 2025 तक चलने वाले राजस्व सप्ताह के अवसर पर, उपविभाग गोंदिया के अंतर्गत 4 अगस्त को सरकारी भूमि पर आबादी भूखंड धारकों को पट्टे वितरित करने हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मौजा बटाना और चारगाँव के 11 लाभार्थियों को भूखंड पट्टे वितरित किए गए। साथ ही, मौजा बनाथर के 3 वन पट्टा धारकों को वन पट्टे और 7/12 वितरित करने की प्रक्रिया उप-विभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाई और परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी साई किरण नांदला की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम में तहसीलदार शमशेर पठान के साथ-साथ सभी नायब तहसीलदार गोंदिया और अन्य कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# आम आदमी को केंद्र में रखकर जनहित के करें कार्य- विधायक विनोद अग्रवाल

## नई प्रशासकीय इमारत में राजस्व दिन का आयोजन



बुलंद गोंदिया। आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने और शासन की विभिन्न योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करने की जिम्मेदारी राजस्व विभाग निभाता है। सभी नागरिकों की अपेक्षाएँ राजस्व विभाग से जुड़ी होती हैं। इसलिए आम जनता को केंद्रबिंदु मानकर जनहित में कार्य करें, ऐसा आवाहन विधायक विनोद अग्रवाल ने किया।

1 अगस्त को गोंदिया की नई प्रशासकीय इमारत में राजस्व दिन मनाया गया, जिसमें वे उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी प्रजित नायर ने की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मिनाज मुल्ला, सह जिला निबंधक तथा मुद्रांक जिल्हाधिकारी के. के. कांबळे, जिला अधीक्षक भूमि अभिलेख अजय क्षीरसागर, उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत, तहसीलदार समशेर पठान और अपर तहसीलदार श्रीकांत कांबळे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

विधायक अग्रवाल ने आगे कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान और योजनाओं का क्रियान्वयन राजस्व विभाग बखूबी करता है, इस कारण यह विभाग प्रशासन की रीढ़ की हड्डी माना जाता है। राज्य सरकार जनोन्मुखी योजनाओं को पारदर्शी और गतिशील तरीके से चला रही है। प्रत्येक अधिकारी को सकारात्मक दृष्टिकोण से कार्य करना चाहिए। जब आम जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा, तो स्वाभाविक रूप से उनके मन में प्रशासन के प्रति आत्मीयता उत्पन्न होगी।

जिलाधिकारी नायर ने कहा कि आम नागरिकों का रोजमर्रा के कामों में राजस्व विभाग से संपर्क होता है, इसलिए यह विभाग अत्यंत महत्वपूर्ण है। भूमि से संबंधित अनेक कार्यों के लिए लोग विभाग में आते हैं। ऐसे में अधिकारियों व कर्मचारियों को निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए। नागरिकों को सरल और तेज सेवाएँ देने के लिए डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाएगा। राजस्व विभाग को और अधिक पारदर्शी, जनहितैषी और सक्रिय बनाने के लिए प्रशासन के सभी घटकों की भागीदारी पर बल दिया जाएगा।

उपविभागीय अधिकारी खंडाईत ने कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँचना ज़रूरी है, इसके लिए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक है। शासन का मुख्य उद्देश्य इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। उन्होंने बताया कि गोंदिया के उपेक्षित मांग-गारुड़ी समाज के 227 लोगों को जाति प्रमाणपत्र प्रदान किए गए हैं।

प्रास्ताविक भाषण में तहसीलदार समशेर पठान ने कहा कि राजस्व विभाग का सीधा संपर्क आम जनता से होता है। उनकी समस्याओं और शिकायतों का निराकरण यही विभाग करता है। प्राकृतिक आपदा के समय समन्वय बनाए रखना और चुनावी कार्यों को कुशलता से संपन्न कराना भी इसी विभाग की जिम्मेदारी होती है। 1 से 7 अगस्त 2025 तक महसूल सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, यह जानकारी उन्होंने दी।

इस अवसर पर राजस्व विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी ङ्क सीमा पाटणे, हस्तरेखा बोरकर, राजेश मेनन, सुपचंद लिल्हारे, नितेश चव्हाण, घनश्याम सोनवाने, मिलिंद बुंदेले, निर्मला डोंगरे, विजेंद लांजेवार, शिवशंकर सोरले और राहुल रहांगडाले को प्रशस्ति पत्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

छत्रपती शिवाजी महाराज राजस्व अभियान के अंतर्गत 8 से 10 जून 2025 तक ग्रीन लॉन, गोंदिया में आयोजित शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजेश बोडखे, प्रफुलकुमार कोरे और कपिल हरडे को भी प्रशस्ति पत्र और लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे ने किया और आभार प्रदर्शन अपर तहसीलदार श्रीकांत कांबळे ने किया। इस कार्यक्रम में राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस की योजना की समीक्षा की



**बुलंद गोंदिया।** स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ 15 अगस्त 2025 को मनाई जा रही है। इस समारोह का मुख्य सरकारी कार्यक्रम कारंजा स्थित पुलिस मुख्यालय के अभ्यास मैदान में आयोजित किया जाएगा और हर वर्ष की तरह, संबंधित विभाग प्रत्येक विभाग को दी गई ज़िम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन करें, ऐसा जिलाधिकारी प्रजित नायर ने कहा। वेजिलाधिकारी कार्यालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम. मुरुगनाथम, अतिरिक्त जिलाधिकारी मिनाज मुल्ला, निवासी उप जिलाधिकारी भैयासाहेब बेहरे, उप जिलाधिकारी मानसी पाटिल (सामान्य), पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी नायर ने कहा कि हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी प्रत्येक विभाग को कार्यक्रम की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव का दिन है। नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करने वाले इस दिन को प्रेरणादायक और यादगार बनाने के लिए प्रत्येक विभाग अपनी ज़िम्मेदारी निभाए। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यों की बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था (जनरेटर सहित), चिकित्सा दल, सम्पूर्ण परिसर की साफ-सफाई और साज-सज्जा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस विभाग कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए समुचित योजना बनाए। यातायात पुलिस और नगर परिषद मिलकर यातायात और पार्किंग व्यवस्था की योजना बनाकर यातायात को सुरक्षित बनाए रखें। यदि विभागवार उत्कृष्ट कार्य पुरस्कार दिए जाने हैं, तो संबंधित विभाग 10 अगस्त, 2025 तक स्थानीय उपजिलाधिकारी को नामों की सूची भेजें, ऐसा बैठक में कहा गया।

# राज्य के किसानों के लिए विदेशी कृषि अध्ययन भ्रमण योजना

**बुलंद गोंदिया।** राज्य के किसानों को विदेशों से आधुनिक कृषि तकनीक से परिचित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा राज्य के किसानों के लिए अध्ययन भ्रमण योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत, इच्छुक किसानों को तालुका कृषि अधिकारी कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा और उसके अनुसार, जिला स्तर पर वितरित अंकों के अनुसार लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किसानों का चयन अंतिम रूप दिया जाएगा। जिला स्तर पर किसानों के चयन के बाद, संबंधित किसानों को जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी कार्यालय के माध्यम से चयन की सूचना दी जाएगी। उक्त किसान के चयन के बाद, कृषि आयुक्तालय के माध्यम से भ्रमण का आयोजन किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत, प्रति किसान अनुदान कुल भ्रमण लागत का 50त्न या अधिकतम 1 लाख रुपये है। चयनित किसानों को कृषि विभाग से अधिसूचना प्राप्त होने के बाद ही, सरकारी अनुदान को छोड़कर, शेष राशि भ्रमण लागत के रूप में देनी होगी। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी वास्तविक भ्रमण के आयोजन से पहले जिला कार्यालयों द्वारा संबंधित चयनित किसानों को दी जाएगी। तब तक, किसानों को किसी भी व्यक्ति/संस्था/यात्रा कंपनी को कोई राशि देने की आवश्यकता नहीं है। यह देखा गया है कि कुछ सोशल मीडिया चैनल इस योजना के बारे में भ्रामक जानकारी फैला रहे हैं और यात्रा में भाग लेने के लिए पैसे देने की बात सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों से ऐसी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। किसान चयन संबंधी अधिक जानकारी के लिए तालुका कृषि अधिकारी और जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है, ऐसा जिला अधीक्षक कृषि अधिकारी गोंदिया ने बताया है।

# सुनील केलनका व पंकज रहांगडाले की गोंदिया भाजपा जिला महामंत्री पद पर नियुक्ति



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला भाजपा संगठन में विस्तार किया गया जिसमें सुनील केलनका व जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष पंकज रहांगडाले की गोंदिया भाजपा जिला महामंत्री पद पर नियुक्ति कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है। जिले में पार्टी द्वारा सौपी गई इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करने के साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृहमंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चौहान, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले व गोंदिया जिला भाजपा नेतृत्व का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# तलवार से प्रहार कर किया घायल

**गोंदिया**-शहर थाने के तहत गोविंदपुर संजय नगर निवासी फिर्यादी ऋषि गुलाब चंद्रिकापुरे (40) पर शराब न पिलाने के कारण आरोपी शंकर उर्फ गुरु राजाराम पटले (30), विक्की राधेश्याम सूर्यवंशी (32) व अतुल बुरले (28) ने गालीगलौज कर तलवार से प्रहार कर दिया. जिसमें वह घायल हो गया. फिर्यादी की शिकायत पर शहर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. जांच सहायक पुलिस निरीक्षक तुपे कर रहे हैं.

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ, बिलासपुर जोन का द्विवार्षिक अधिवेशन में जोनल पदाधिकारियों का निर्वाचन




**बुलंद गोंदिया।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर संघ, बिलासपुर जोन का द्विवार्षिक अधिवेशन दिनांक 02 अगस्त एवं 03 अगस्त 2025 को गोंदिया में में संपन्न हुआ। अधिवेशन के प्रथम दिन 02 अगस्त को जोनल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई, 03 अगस्त को जनरल मीटिंग में सर्वसम्मति से जोनल पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया। नव-निर्वाचित पदाधिकारीयो में जोनल अध्यक्ष कमलेश सिंह (ट्रेन मैनेजर, बिलासपुर)कार्यकारी अध्यक्ष विवेकानंद चंद्रा उपाध्यक्ष, युवराज कुमार साहू, श्रीमती सोमप्रभा तिवारी, ईश्वर जंघेल ,जोनल महामंत्री त्रिमलेश नायडू सहायक महामंत्री नूतन कुमार वर्मा, बसंत महापात्रो, जी.एस. केवर्त, श्रीमती नीलम मिश्रा, चांगो बोरकर कोषाध्यक्षअभिषेक रेड्डी ,संगठन मंत्री दीपक जरगर,सदस्यगण विनोद पाल बंकर, राकेश पटेल, राजेश्वर नागपुरे, के.श्रीधर। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसन्नजीत सरकार मुख्य अतिथि के रूप में अशोक शुक्ला (मंत्री, भारतीय मजदूर संघ) एवं गटलेकर (प्रदेश मंत्री, विदर्भ क्षेत्र, BMS)। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंगेश देशपांडे (राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य, BRMS) तथा संतोष कुमार पटेल (राष्ट्रीय महामंत्री, BRMS) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह अधिवेशन संगठनात्मक मजबूती, एकता और श्रमिक हितों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

# मनरेगा में किये गए कामों का पेमेंट नहीं मिलने से ठेकेदार अशोक फुंडे की मौत?

## विधायकों के कहने पर निधि का वितरण पत्रकार परिषद में ठेकेदारो ने लगाया आरोप




**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता आमगांव )** - वर्ष 2021 से तहसील एवं पंचायत समिति स्तर पर महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना एवं नरेगा के तहत कुशल कामों पर किये गए मटेरियल ( मुरुम, गिट्टी, सिमेंट, रेती ) सप्लाई करने तथा मशिनरी के माध्यम से काम करने वाले ठेकेदारो को उनके किए गए कामों का भुगतान नही होने से ठेकेदार कर्ज के बोझ में दब चुका है। लेकिन महाराष्ट्र सरकार द्वारा ठेकेदारो का भुगतान करने में दिरंगाई एवं पक्षपात करने की वजह से आमगांव तहसील के अन्तर्गत आने वाले ग्राम-डोंगरगांव निवासी - अशोक फुंडे नामक ठेकेदार की कर्ज के बोझ से दिल का दौरा पड़ने से दि, 28 जुलाई 2025 के रात्रि मौत हो गयी है उक्ताशय का आरोप अन्य ठेकेदारों ने आयोजित पत्रकार परिषद में लगाया है।

ठेकेदारो ने बताया कि इसके पुर्व तहसील स्तर पर मातोश्री पांदन रस्ता एवं पंचायत समिति के अन्तर्गत कुशल काम सिमेंट , वैक्यक्तीक तौर पर किये गए कामों का भुगतान कम्पलिट कामों के अनुसार किया जाता था। लेकिन हाल ही में गोंदिया जिले के विधायकों ने विधानसभा सत्र में मंत्री - गोगावले , का घेराव किया था तथा गोंदिया जिले को मनरेगा एवं नरेगा की निधि उपलब्ध कराने की मांग की थी। बताया गया है कि गोंदिया जिले में कुशल कामों की कुछ पैमाने में महाराष्ट्र सरकार ने निधि उपलब्ध करायी है! वह निधि का वितरण किया गया! उसमें गोंदिया जिले के चारों विधायकों के कहने अनुसार उनके चहेते जिन्होंने अभी दो महीने पुर्व में काम किया ऐसे ठेकेदारो को निधि का वितरण किया गया है! और जिन्होंने पिछले 4 साल पहले काम किया! वह पेमेंट से वंचित रह गये हैं! जिसमें आमगांव तहसील का जिरो नंबर है। ठेकेदारो ने पत्रकार परिषद में बताया कि पंचायत समिति स्तर पर 95 लाख रुपये की निधि आयी थी! उसमें अधिकारीयोंने अपने करिबी ठेकेदारो को ज्यादा कमिशन लेकर मात्र दो ठेकेदारो को वितरण कर दिया है। बताया गया की निधि से वंचित रहे ठेकेदार अशोक शंकरराव फुंडे, का टेंशन बढ गया! उसकी तबियत खराब हो गयी! इलाज के लिए रुपये उपलब्ध नहीं होने से उसकी मौत हो गयी।

बताया गया है कि पंचायत समिति स्तर के कुशल काम के 7,75,30771/- रुपये एवं व्ययक्तिक काम के 5,0009479/- रुपये तथा तहसील स्तर के कुशल कामो के करिबन 5 करोड़ रुपये का भुगतान सरकार पर ठेकेदारो का बकाया है। ठेकेदारो का कहना है कि पेमेंट का भुगतान ( वितरण) करते वक्त जिनोंने जैसा काम किया है! वैसा ही भुगतान करना चाहिए विधायकों की मांग के अनुसार नहीं। पत्रकार परिषद में ठेकेदारो ने आरोप लगाया कि विधायक लोग कमिशन लेकर अपने ही लोगो का भुगतान कराने की पक्षपात पुर्ण सिफारिश करते हैंऔर दो दिन पुर्व ऐसा ही हुआ है। कमिश्नर ( नरेगा) नागपुर ने विधायकों के सुची अनुसार ठेकेदारो का भुगतान करने हेतु संबंधित एजेंसी को अलाटमेंट दिया है! ठेकेदारो ने पक्षपात करने वाले अधिकारों को ठेकेदार अशोक फुंडे के मौत का जिम्मेदार ठहराया है! तथा विभागीय स्तर पर चौकशी एवं कारवाई की मांग किया है। पत्रकार परिषद में मटेरियल सप्लायर एवं ठेकेदार- सिद्दार्थ डोंगरे, राजु नायडू, केदार येड़े, अतुल चौहान, रंजित पटले, अफताफ कुरैशी, राजु शेंडे, डॉ, हरिणखेड़े, मेंढे, राजु चचाने , उमा खोब्रागड़े, संजु देशकर, धर्मराज पाथोड़े, आदि उपस्थित थे।

# सभी सरकारी/अर्ध-सरकारी प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन अनिवार्य

**बुलंद गोंदिया।** कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए महिला यौन उत्पीड़न निवारण अधिनियम, 2013 के अंतर्गत, सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और निजी प्रतिष्ठानों में आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन करना कानूनी रूप से अनिवार्य है। इस अधिनियम की धारा 6(1) के अंतर्गत, 10 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में स्थानीय शिकायत निवारण समिति के माध्यम से शिकायतों के निवारण का प्रावधान है। गोंदिया जिले में यह दायित्व स्थानीय उपायुक्त को सौंपा गया है।

जबकि, धारा 4(1) के अनुसार, 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक कार्यालय में एक आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन करना आवश्यक है। इस समिति की जानकारी वेबसाइट https://shebo&.wcd.gov.in पर निजी मुख्यालय पंजीकरण टैब पर आवश्यक विवरण भरकर दर्ज की जानी चाहिए। एक समिति गठित कर अपनी रिपोर्ट जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, गोंदिया के कार्यालय में प्रस्तुत करने तथा उसे dwcdo.gondia@gmail.com मेल आईडी पर भेजने की अपील की गई है। अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित नियोक्ता पर 50,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा पुनरावृत्ति होने पर लाइसेंस रद्द किए जाने की संभावना है।

# रोगायो कार्यों की सूची ग्रापं में लगाई जाए, वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंच रही योजनाएं



**गोंदिया**-ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से हो रहे कार्यों की सूची और रोजगार गारंटी योजना के जॉब कार्ड धारक लाभार्थियों की सूची ग्राम पंचायत में लगाने की मांग ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों ने की है. सरकारी निर्णय के अनुसार, रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जो कागजों पर ही लागू की जाती हैं. रोजगार गारंटी योजना के तहत खेत तालाब, पशुओं के गोठे, स्कूल की दीवार, कुशल अकुशल मजदूरों का वेतन, शबरी / रमाई प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को दी जाने वाली मजदूरी, पौधारोपण सहित विभिन्न योजनाएं चलाई जाती हैं. लेकिन ये योजनाएं वास्तविक लाभार्थियों तक नहीं पहुंच रही हैं, ऐसी शिकायत ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों में है. ग्राम पंचायत के माध्यम से रोजगार सेवकों द्वारा कई स्थानों पर चल रहे कार्यों का मूल्यांकन जियो टैग फोटो लेकर मस्टर निकाला जाता है. पंचायत समिति से लाभार्थियों का मस्टर निकालकर बिल स्वीकृत आधार लिंक वाले खातों में ट्रांसफर किया जाता है. लेकिन कई लाभार्थी इस अनुदान से वंचित रह जाते हैं. इसलिए लाभार्थियों की सूची, स्वीकृत कार्यों की सूची और विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बोर्ड प्रमुख स्थानों पर लगाने की मांग गोरेगांव तहसील के ग्रामीण क्षेत्रों से की जा रही है.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।